तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

10 शिक्षकों ने घर–घर जाकर पूछा, शासकीय ...



11 मां हिंगलाजिन मातागुड़ी का विधायक ने किया लोकार्पण



छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# महतारी वंदन योजना, केवाईसी की अवधि एक माह बढ़ी, अब 30 जुलाई तक

## जमीनी स्तर पर आ रही समस्या के कारण हो रही थी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी की अनिवार्यता को लेकर परेशान हितग्राहियों को अब एक महीने का अतिरिक्त समय मिल गया है। राज्य शासन ने अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी है, जिससे हजारों महिलाओं को राहत मिलने की उम्मीद है। ई-केवाईसी के मामले में कांकेर जिला प्रदेश में सबसे आगे बना हुआ है।

■ अभी ई-केवाईसी में प्रदेश में कांकेर जिला है अव्वल

महतारी वंदन योजना के तहत राज्य शासन के निर्देशानुसार पहले 3 अप्रैल से 30 जून तक सभी हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य किया गया था, लेकिन बड़ी संख्या में हितग्राहियों द्वारा प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने और जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं को देखते हुए शासन ने अब इसकी समय-सीमा बढ़ाकर 30 जुलाई कर दी है। इसका मतलब है कि अब योजना का लाभ निरंतर पाने के लिए सभी हितग्राहियों को 30 जुलाई से पहले अपनी ई-केवाईसी करवाना जरूरी होगा, तभी उनके खाते में योजना की राशि नियमित रूप से पहुंचती रहेगी।

जिले की बात करें तो महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1 लाख 79 हजार 722 हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। ई-केवाईसी में प्रदेश में कांकेर जिला प्रथम स्थान पर है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कई हितग्राहियों ने यह भी बताया कि उन्हें शिविरों की जानकारी समय पर नहीं मिल पा रही है, वहीं कुछ स्थानों पर तकनीकी और संसाधनों की कमी भी सामने आ रही है। ऐसे में समय-सीमा बढ़ाने का फैसला न केवल जरूरी था, बल्कि इससे प्रशासन को भी अपनी व्यवस्था सुधारने का अवसर मिलेगा।



### 80 हजार से अधिक का सत्यापन

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन के अनुसार कांकेर जिले में लगभग 1 लाख 79 हजार 722 हितग्राहियों की ई-केवाईसी कराया जाना है। अब तक लगभग 80 हजार से अधिक हितग्राहियों का सत्यापन किया जा चुका है, जबकि शेष हितग्राहियों का सत्यापन निर्धारित समय-सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। केवाईसी कराने की अंतिम तिथि पहले 30 जून निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब आगामी 30 जुलाई कर दिया गया है। प्रदेश में कांकेर जिला सबसे आगे है और हमारा लक्ष्य है कि समय के पहले सभी पंजीकृत महिलाओं को ई-केवाईसी पूर्ण हो जाए।

## खबर संक्षेप

### महिला रक्षा टीम द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान



**कांकेर।** कोंडे में आयोजित दो दिवसीय मेले में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को शराब सेवन से परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाली जान-माल की हानि, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, साइबर अपराध तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही इन अपराधों से बचाव के उपाय एवं सावधानियों के बारे में भी बताया गया। महिलाओं एवं बच्चों को गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग तथा आत्मरक्षा के उपायों के संबंध के बारे में सेल्फ डिफेंस का डेमो भी दिखाया गया।

### जनगणना 2027: नगरीय निकायों में प्रशिक्षण शुरू

**कांकेर।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत नगरीय क्षेत्र के 36 प्रगणकों और 6 पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण नगर पालिका सभाकक्ष में शुरू हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस नगरीय चार्ज अधिकारी पवन कुमार मेरिया ने डिजिटल जनगणना में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के दायित्वों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधान, मूलभूत तकनीकी शब्दावली जैसे, मकान सूचीकरण, जनगणना भवन, परिवारों के प्रकार और स्व-गणना जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 42 विद्यानगर निवासी 73 वर्षीय अधीर विश्वास पिता स्व. जोरू विश्वास ने 21 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कांग्रेस का आज बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन

**कांकेर।** अवैध अतिक्रमण और ग्रामीण व शहर में हो रहे अघोषित बिजली कटौती तथा लो वोल्टेज की समस्या को लेकर बिजली ऑफिस घेराव 23 अप्रैल गुरुवार कांग्रेस द्वारा किया जाएगा। कांकेर ग्रामीण एवं शहर में भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की काफी समस्या है, इसे लेकर सेन चौक स्थित सहायक/कनिष्ठ अभियंता बिजली ऑफिस कांकेर का घेराव किया जाएगा।

### शराब पीने की सुविधा दी, ग्रामीण गिरफतार

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने 21 अप्रैल शाम करीबन साढ़े 4 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी पानावार निवासी 43 वर्षीय मनकु जुर्री पिता कृष्ण जुर्री को अपने घर आंगन में अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## अपराध : दूसरों के नाम पर खाते खुलवाकर करते थे लाखों की ठगी

# म्यूल अकाउंट गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार एक भेजा गया जेल, दूसरा पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस ने अवैध लेनदेन के लिए योजनाबद्ध तरीके से बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपी लंबे समय से म्यूल अकाउंट के जरिए ठगी की रकम को इधर-उधर करने के संगठित नेटवर्क में सक्रिय थे। सूत्रों की माने पुलिस मुख्यालय रायपुर से साइबर सेल कांकेर को लगभग 100 म्यूट अकाउंट की लिस्ट जाँच के लिए सौंपा गया है, जिस पर जाँच जारी है।

पुलिस मुख्यालय रायपुर से साइबर सेल कांकेर को म्यूल अकाउंट्स के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। उसके उपरांत सायबर टीम ने सबसे पहले कांकेर थाना में अपराध क्रमांक 135/26 धारा 318 (4) और 61 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कराया। इस मामले में मिले म्यूट अकाउंट की जानकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले लखनपुरी के किसी व्यक्ति से पूछताछ किया था, उसके उपरांत उस व्यक्ति से 27 वर्षीय सूर्या स्वर्णकार निवासी जैसाकर्रा





आवासपारा थाना चारामा, जिला कांकेर को हिरासत में लिया गया और पूछताछ के बाद उसने कई लोगों के नाम की जानकारी दिया, उसमें एक आरोपी दुर्ग जिले के थाना नेवई के मरोदा सेक्टर भिलाई निवासी पुलकित चंद्राकर उर्फ बब्बू को पुलिस ने हिरासत में लिया और संपूर्ण जानकारी नहीं मिलने पर अप्रैल को न्यायालय में पेश करके पाँच दिनों के लिए पुलिस रिमांड में लिया गया और उससे अन्य जानकारी ली जा रही है। दोनों आरोपियों ने पूर्व नियोजित तरीके से अलग-अलग बैंकों में अन्य लोगों के नाम पर खाते खुलवाए और इन खातों का उपयोग अवैधानिक लेनदेन एवं साइबर धोखाधड़ी के लिए किया गया।

**विशेष टीम कर रही मामले की जाँच :** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। लगातार निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

**एक न्यायिक, दूसरा पुलिस रिमांड पर :** पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से बैंक खातों का दुरुपयोग कर साइबर ठगी में सहयोग करते थे। इस मामले में पुलिस ने अतिरिक्त धाराएं जोड़ते हुए आरोपी सूर्या ठाकुर को 20 अप्रैल को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया, वहीं दूसरे आरोपी पुलकित चंद्राकर को पाँच दिनों यानी 24 तक पुलिस रिमांड में लिया गया।

**अपराधिक गतिविधियों में रहे लिप्त :** गौरतलब है कि आरोपी पुलकित चंद्राकर के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, लापरवाही से वाहन चलाने और अन्य धाराओं के मामले शामिल हैं, वहीं सूर्या स्वर्णकार का भी एक पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। इससे स्पष्ट होता है कि दोनों आरोपी पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं।

### ठगी की रकम से बचे, कार्रवाई जारी रहेगी

कांकेर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस प्रतीक बनसोड़े ने बताया कि साइबर अपराधों में म्यूल अकाउंट्स का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें भोले-भाले लोगों के नाम पर खाते खुलवाकर उनका इस्तेमाल ठगी की रकम को छिपाने और ट्रांसफर करने के लिए किया जाता है। इस कार्रवाई से ऐसे गिरोहों पर कड़ी चोट पहुंची है। आमजनता से अपील की है कि वे किसी भी लालच या दबाव में आकर अपना बैंक खाता, एटीएम या ओटीपी किसी अन्य व्यक्ति को न दें। ऐसा करना कानूनी अपराध है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जनगणना 2027 की तैयारी तेज 1 मई से घर-घर पहुंचेगा सर्वे दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

आगामी जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब तेज हो गई हैं। इसी क्रम में 1 मई से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य के लिए सरोना स्थित सेजेस कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में संपन्न हुआ, जिसका अंतिम चरण 22 अप्रैल को पूरा हुआ।

■ नागरिकों से 34 प्रश्नों का जवाब करेंगे एकत्र

अंतिम दिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने घर-घर जाकर डेमो सर्वे कर जनगणना की प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास किया। इस दौरान वे विभिन्न घरों में पहुंचे और निर्धारित 34 प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र की। मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल रूप से डेटा दर्ज किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए सभी प्रगणकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जा रहा है। डेमो अभ्यास के जरिए उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का अनुभव भी दिया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। सरोना के बाजार पारा क्षेत्र में हुए डेमो सर्वे के दौरान प्रगणकों ने बताया कि शुरुआत में घर-घर जाकर सवाल पूछने में झिझक महसूस हो रही थी, लेकिन अभ्यास के बाद वे अब पूरी तरह तैयार हैं। मास्टर ट्रेनर राम प्रसाद नेताम एवं सतीश प्रकाश नेताम ने भी प्रगणकों के साथ घरों में जाकर सर्वे किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी मोहित कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार जनगणना को पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आयोजित किया जा रहा है।

**समस्याओं से निपटने व्यावहारिक अनुभव भी :** सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया है, जिससे वे वास्तविक सर्वे के दौरान किसी भी कठिनाई का सामना आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना के पहले चरण के अंतर्गत 1 मई से 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण करेंगे। इस दौरान मकानों की संख्या, परिवारों की जानकारी सहित अन्य सामान्य जानकारी एकत्र की जाएगी।

# घर-घर में छिपी पाण्डुलिपियों की खोज शुरू, डिजिटल संरक्षण की बड़ी पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को संरक्षित करने की दिशा में संस्कृति मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान अब तेजी पकड़ रहा है। मुख्य सचिव विकासशील ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों को आगामी 15 जून तक सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

देशभर में बिखरी अमूल्य पाण्डुलिपियों को खोजने, सूचीबद्ध करने और संरक्षित करने के उद्देश्य से संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्राचीन एवं ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों का व्यापक सर्वेक्षण, सूचीकरण और डिजिटलीकरण किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके। इसी कड़ी में प्रदेश के मुख्य सचिव विकास शील ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली और सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया कि 15 जून तक सर्वेक्षण कार्य को गति दी जाए। बैठक में जिले से कलेक्टर निलेश ▶▶| शेष पेज 10 पर

# छत से घुसकर मोबाइल दुकान में चोरी चोरों ने दी पुलिस को खुली चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ताड़ोकी थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बस स्टैंड स्थित एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में छत से अंदर प्रवेश किया और हजारों रुपए के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार पीड़ित कमलेश कुमार देवांगन पिता स्व. संतोष देवांगन ताड़ोकी बस स्टैंड में मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 20 और 21 अप्रैल की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान को निशाना बनाया। मंगलवार की सुबह जब वे रोजाना की तरह दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के भीतर सामान बिखरा पड़ा था और ऊपर लगी सीमेंट शीट



टूटी हुई थी, जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि चोर छत के रास्ते अंदर घुसे थे। चोरों ने बड़ी चालाकी दिखाते हुए मोबाइल के खाली डिब्बे दुकान में ही छोड़ दिए और केवल कीमती सामान लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में 2 मोबाइल कीमत लगभग 16,600 रुपए, 4 पावर बैंक करीब 4,800 रुपए, 2 नेकबैंड लगभग 2,600 रुपए और 4 स्मार्ट वॉच शामिल हैं। कुल मिलाकर 25 से 30 हजार रुपए के सामान की ▶▶| शेष पेज 10 पर

## अग्निवीर, सेना और पुलिस भर्ती के लिए मिल रहा प्रशिक्षण

# पुना परींयान बना सफलता की नई राह, युवाओं की बदल रही तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें सुरक्षा बलों की भर्ती परीक्षाओं के लिए तैयार करने की दिशा में हमर लक्ष्य योजना के तहत संचालित पुना परींयान अब उम्मीदों की नई किरण बनकर उभर रहा है। वृहद खेल मैदान सिंगारभाट में चल रही यह निःशुल्क कोचिंग न सिर्फ युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बना रही है, बल्कि उनके भीतर अनुशासन, आत्मविश्वास और सफलता की नई ऊर्जा भी भर रही है।

जिले में युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में हमर लक्ष्य योजना अंतर्गत संचालित पुना परींयान तेजी से प्रभावी साबित हो रहा है। इस कोचिंग कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में निरंतर किया जा रहा है। सिंगारभाट के वृहद खेल मैदान में चल रहे निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम का निरीक्षण 22 अप्रैल बुधवार को विधायक आशाराम नेताम द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच बेहद आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को संतुलित आहार लेने, नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

साथ ही शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक और बौद्धिक विकास पर भी समान ध्यान देने की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने कहा कि अग्निवीर के अलावा अन्य सुरक्षा बलों एवं सरकारी सेवाओं ▶▶| शेष पेज 10 पर



**प्रतिभागियों में दिख रहा सुधार**

प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को शारीरिक अभ्यास, दौड़, फिटनेस ड्रिल, लिखित परीक्षा की तैयारी और अनुशासनात्मक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अनुभवी व्यायाम अनुदेशकों द्वारा प्रशिक्षण को व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित किया जा रहा है, जिससे प्रतिभागियों में निरंतर सुधार देखा जा रहा है।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय :
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

## खबर संक्षेप

### विशाल रक्तदान शिविर 24 अप्रैल को




**धमतरी।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की धमतरी शाखा द्वारा 24 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पूज्य पंचायत सिंधी समाज धर्मशाला आमापारा धमतरी में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। रक्तदान के साथ-साथ ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच भी की जाएगी। यह आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव एवं बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित है। इच्छुक व्यक्ति मुरली अंदानी, मयूर तोतवानी, विक्की खूबचंदानी, निर्मल सार्वा, अनिल लेडवानी के पास रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**धमतरी।** जिले के गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा पहली से बारहवीं तक रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो चयन प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए छात्रों की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच निर्धारित की गई है। वहीं कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को महतारी दुलार योजना के अंतर्गत प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

### उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 26 अप्रैल को छग राज्य कृषि विपणन (मंडी) अंतर्गत उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि धमतरी जिले के 41 केन्द्रों में सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक यह परीक्षा आोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा। अभ्यर्थियों को व्यापम द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में समय पर पहुंचने कहा गया है।

### मयूर डोंगर के शिक्षकों ने घर–घर पहुंचकर किया 'बस्तर मुन्ने' सर्वे

# शिक्षकों ने घर–घर जाकर पूछा, शासकीय योजना का लाभ आपको मिल रहा है या नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में संचालित बस्तर मुन्ने अभियान के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर के शिक्षकों ने गांव–गांव और पारा–पारा पहुंचकर घर–घर सर्वे किया। इस दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद कर यह जानकारी ली गई कि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं।

- योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने जुटा पूरा स्टाफ
- हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर की टीम बनी अभियान की अग्रणी शक्ति

सर्वे कार्य का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य जमील खान ने किया। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण सक्रिय रूप से अभियान में शामिल हुए और ग्रामीणों तक पहुंचकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। सर्वे के दौरान उन परिवारों की पहचान की गई, जो अभी तक शासन की योजनाओं से वंचित हैं। ऐसे पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें शीघ्र लाभ दिलाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। यह अभियान एनसीएईआर सर्वेक्षण के आधार पर संचालित हो रहा है, जिसमें "नियद नेल्लानार" के अंतर्गत 31 जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना लक्ष्य है।



**28 अप्रैल तक चलेगा पंचायत स्तर पर सर्वे –**

जिले में 21 अप्रैल से 28 अप्रैल तक ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इसके पश्चात संतृप्तता शिविरों के माध्यम से चिन्हित हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस अभियान में प्राचार्य जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, मुकेश सैमसन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, धार्मिन सेवता, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजूराम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्ररेखा ध्रुव, भारत देवांगन सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ शामिल रहा। शिक्षकों की यह सक्रिय भागीदारी ग्रामीण विकास और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**बस्तर मुन्ने का उद्देश्य, हर पात्र को मिले योजना का लाभ –**

गोंडी भाषा में बस्तर मुन्ने का अर्थ अग्रणी बस्तर है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के हर पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और समग्र विकास को गति देना है। मयूर डोंगर के शिक्षकों का यह प्रयास न केवल शिक्षा तक सीमित है, बल्कि समाज सेवा और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रेरणादायक उदाहरण भी बन गया है।

# गंभीर घायल ने इलाज से पहले तोड़ा दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना भानुप्रतापपुर थानांतर्गत रानवाही के पास मोटर सायकल की टक्कर से अन्य मोटर सायकल में सवार एक युवक को गंभीर चोट आया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर लेकर गए। चोट गंभीर होने के कारण घायल को हायर सेंटर रिफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसका मौत हो गया। थाने में शिकायत करने पहुंचे चारामा थाना क्षेत्र के बाबूकोहका निवासी 32 वर्षीय पुरूषोत्तम गावड़े पिता जोहन लाल ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 6991 में 21 अप्रैल को उसके भाई अनीत गावड़े के साथ ग्राम परवी शादी समारोह में शामिल होने गया था। शादी में शामिल होकर अगले दिन 22 अप्रैल को ग्राम परवी से घर बाबुकोहका जाने के लिए निकले थे। गाड़ी को अनीत गावड़े चला रहा था कि लगभग 11 बजे ग्राम रानवाही के पास सामने से आ रही मोटर सायकल सीजी 19 बीयू 2498 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजगति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मोटर सायकल चालक 39 वर्षीय अनीत पिता पवरसिंह के दाहिने पैर, सिर व चेहरा में चोट आई है, जिसे सीएचसी भानुप्रतापपुर इलाज के लिए ले गए। चोट गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया। हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में घायल अनीत गावड़े का श्वांस बंद होने से पुनः सीएचसी भानुप्रतापपुर लाए, जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मौत होने का पुष्टी किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

# जल संरक्षण और रोजगार सृजन पर जिला पंचायत सीईओ ने दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई की अध्यक्षता में मनरेगा कार्यों की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत तालाब गहरीकरण, नए तालाब निर्माण, सोक पिट, रिचार्ज पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डबरी एवं कुआं निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने निर्देशित किया कि मानसून से पहले सभी जल संरचनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि अधिकतम जल संचयन सुनिश्चित हो सके।

- मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक
- लापरवाही पर की जाएगी कार्रवाई

समीक्षा में कुछ पंचायतों में पुराने कार्य लंबित पाए गए, जिस पर अधिकारियों को 30 मई से पहले सभी अधूरे कार्य पूर्ण कर कम्प्लीशन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन रोकने के लिए अधिक से अधिक श्रमिकों को मनरेगा से जोड़ने और रोजगार उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। इसके लिए घर–घर सर्वे और जॉब कार्ड धारकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

**ई–केवायसी और जियो टैगिंग पर जोर –**

जिले में 95 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई–केवायसी पूर्ण हो चुका है, जिसे 100 प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पूर्ण कार्यों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करने को भी कहा गया। सीईओ ने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं सहायक प्रोग्रामर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में खास दिन का आयोजन

# सीईओ जिपं ने अपने बच्चों के जन्मदिन पर विद्यार्थियों के साथ किया नेवता भोज

**प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत पहल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, कोंडागांव में प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने अपने बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर यह विशेष आयोजन कराया। सीईओ को अपने बीच पाकर विद्यालय के बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी की और आत्मीय संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।



**अधिकारी व शिक्षक रहे उपस्थित –**

कार्यक्रम में डीएमसी ईमल बघेल, एपीसी श्रीनिवास नायडू, तुकेश शांडिल्य, बीआरपी अशोक साहू, अधीक्षिका हेमवती नेताम सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# कोपाबेडा में स्थित आम बाग की 1.61 लाख की सर्वाधिक बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगगांव

कोंडागांव अंतर्गत शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में आम फल बाग की नीलामी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह नीलामी बुधवार दोपहर 12 बजे आयोजित की गई, जिसमें कुल 6 बोलीदाताओं ने भाग लिया।

नीलामी में प्रारंभिक शासकीय बोली 1 लाख 51 हजार रुपये निर्धारित की गई थी, जबकि सर्वाधिक बोली 1 लाख 61 हजार रुपये रही। यह उच्चतम बोली नरेंद्र सिंह राठौर, निवासी मरारपारा (कोंडागांव) द्वारा लगाई गई।जिसके चलते आम फल बाग का ठेका उन्हें प्रदान किया गया। नीलामी प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष के रूप में उप संचालक कृषि कैलाशनाथ मरकाम उपस्थित रहे। वहीं सचिव की भूमिका उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने निभाई। इसके अलावा समिति के सदस्य संकेतन कुमार पाण्डा,आर.डी. कडियम,बैसाखु राम बघेल,खेदूराम कोर्राम,हिमांचल नेताम मौजूद रहे।



उद्यान में इस वर्ष दशहरी, लंगड़ा, बंबइया, बैंगनपल्ली, चौसा, बासंतेलो, सिंदूरी, तोतापरी, मल्लिका सहित अचार हेतु उपयुक्त आम, पायरी, सफेदा आदि किस्मों में अच्छी फलन होने की जानकारी दी गई है।

# 65 करोड़ से बढ़ेगी गंगरेल बांध की उम्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रदेश के बड़े बांधों में एक गंगरेल बांध यानी रविशंकर सागर जलाशय की उम्र बढ़ाने के लिए राज्य शासन द्वारा 65.5 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से बांध में इपोक्सी ग्राउटिंग और फ्लेक्सीबल साफ्ट हाईप्रेशर वाटर जेट से चोक हुए वर्टिकल प्रेशर ड्रेन की सफाई सहित कई कार्य किए जाएंगे।

- डैम सेफ्टी पर फोकस : मरम्मत कार्यों को मिली हरी झंडी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु के पूर्व सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया को त्वरित गति से पूर्ण करने तथा कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1978 में निर्मित यह बहुउद्देशीय जलाशय लगभग 45 वर्षों से क्षेत्र की जीवनरेखा बना हुआ है। यह जलाशय हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई के साथ-साथ धमतरी एवं आसपास के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, औद्योगिक उपयोग तथा 11.2 मेगावाट विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।



**रिसाव में आएगी कमी**

विशेषज्ञों के अनुसार समय के साथ बांधों में सीपेज होना स्वाभाविक है। यह लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसे नियंत्रित करने के लिए उन्नत तकनीकों के साथ नियमित रखरखाव अत्यंत आवश्यक होता है।

**गुणवत्ता के साथ होगा काम**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि रविशंकर सागर जलाशय जिले ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है। इसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वीकृत कार्यों के माध्यम से बांध की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित की जाएगी और सीपेज की समस्या का वैज्ञानिक समाधान किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन करते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि वर्षा ऋतु में जोखिम उठाना न पड़े।

# नील-हरित शैवाल, यूरिया का पूरक है, मिट्टी की उर्वरता और कार्बनिक पदार्थों को है बढ़ाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

उप संचालक कृषि ने नील-हरित शैलान के संबंध में जिले के किसानों को तकनीकी सलाह जारी की है। उन्होंने बताया कि वास्तव में यह शैवाल नहीं बल्कि सायनोबैक्टीरिया नामक सूक्ष्म, प्रकाश संश्लेषक जीवाणुओं का एक समूह है, जो ताजे पानी और नम मिट्टी में पाए जाते हैं। ये वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाते हैं और धान की फसल के लिए एक बेहतरीन, सस्ती जैविक खाद के रूप में कार्य करते हैं। नील-हरित काई सामान्य रूप से धान के फसल को करीब 25-30 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर नाईट्रोजन की पूर्ति करता है।

- नील–हरित शैवाल के संबंध में उपसंचालक ने जारी की तकनीकी सलाह

धान के खड़ी फसल में नील हरित काई की 10 किग्रा मात्रा प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होती है। यह धान के खेतों में मुक्त जीवी के रूप में नाइट्रोजन स्थिरीकरण करता है, जिससे 55-65 किग्रा तक यूरिया का बचत किया जा सकता है।

यह रासायनिक उर्वरकों जैसे- यूरिया का पूरक है, जो कि मिट्टी की उर्वरता और कार्बनिक पदार्थों को बढ़ाता है। यह पूरी तरह से प्राकृतिक है और पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

यह मिट्टी की क्षारीय स्थिति में सुधार लाकर बीजों के जल्दी अंकुरण में मदद करता है। धान की रोपाई के 7-10 दिन बाद, 10 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से खेत में सामान रूप से बिखेरें। प्रयोग करते समय खेत में 5-10 सेमी पानी भरा होना चाहिए। किसानों को बताया गया कि इसका उपयोग केवल धान के लिए किया जाए, किसी अन्य फसलों के लिए नहीं। यह जैव उर्वरक टिकाऊ खेती के लिए एक सस्ता और प्रभावी विकल्प है।

## कलेक्टर ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद

**बीजापुर।** नक्सल-मुक्त बीजापुर को विकास की नई राह पर अग्रसर करने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर सार्थक चर्चा हुई। चार दशकों की चुनौती के बाद नया अवसर- बीजापुर जिला पिछले चार दशकों से माओवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है, जिसके कारण शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण रहा। अब नक्सल-मुक्त स्थिति बनने के बाद जिले के समग्र विकास के लिए सामुदायिक सहभागिता को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मीडिया की भूमिका पर हुई विस्तृत चर्चा- बैठक में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में रिपोर्टिंग के दौरान किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और वर्तमान में स्थितियां कैसे बदल रही हैं।

## पेज 9 के शेष

### घर-घर में छिपी...

कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ व नोडल अधिकारी हरेश मण्डावी भी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने बताया कि यह सर्वेक्षण उन पाण्डुलिपियों की खोज के लिए है, जो अभी तक औपचारिक रूप से दर्ज नहीं हो पाई हैं और वर्तमान में परिवारों, मंदिरों, मठों, संस्थानों या निजी संग्रहों में सुरक्षित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के बाद भी इन पाण्डुलिपियों का स्वामित्व संबंधित व्यक्ति, परिवार या संस्था के पास ही रहेगा। पाण्डुलिपियां देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और बौद्धिक संपदा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनमें प्राचीन चिकित्सा, साहित्य, धर्म, विज्ञान और सामाजिक परंपराओं से जुड़ा बहुमूल्य ज्ञान निहित है। इनके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक विधियों के साथ डिजिटलीकरण को आवश्यक बताया गया है। अभियान से जुड़ने के लिए ज्ञानभारतम् पोर्टल और मोबाइल एप भी लॉन्च किया गया है, जहां कोई भी व्यक्ति या संस्था अपनी पाण्डुलिपियों की जानकारी और फोटो अपलोड कर इस राष्ट्रीय पहल का हिस्सा बन सकते हैं।

***सक्रिय भागीदारी निभाने किया अपील:*** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिलावासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास पाण्डुलिपियां हैं या उनकी जानकारी है, तो वे प्रशासन को अवश्य सूचित करें। इससे जिले की विशिष्ट पहचान बनेगी और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

### छत से घुसकर मोबाइल...

चोरी का अनुमान लगाया गया है। **सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही पुलिस :** घटना की सूचना मिलते ही थाना ताड़ोकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305 (क) एवं 331 (4) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है।

### पुना परीयान बना सफलता...

में भी युवाओं के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने युवाओं से हर भर्ती प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया। डीएमसी नवनीत पटेल ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। अब उन्हें भी बड़े शहरों जैसी तैयारी का अवसर मिल रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे पा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य जिले के युवक-युवतियों को अग्निवीर, सेना, पुलिस तथा अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती परीक्षाओं के लिए सशक्त और सक्षम बनाना है।

# सिवनीकला सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सिवनीकला सोसाइटी में धान बेचने पहुंचे एक किसान की बिजली करंट से मौत के मामले में गोबरा के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम गोबरा के किसान खूबलाल साहू, किशोर सेन, भागवत राम, पुनाराम साहू, रूपेन्द्र, गैंदराम, दुर्गेश, खिलेन्द्र आदि ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन सौंपा है। किसानों ने आवेदन में कहा है कि वे ग्राम पंचायत गोबरा के निवासी हैं। घटना 19 नवम्बर 2025 की है। सिवनीकला सोसाइटी में किसान भोजराज साहू धान बेचने गया था जहां व्यवस्थापक की लापरवाही के कारण भोजराज की 11 केव्ही विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। जिसकी जांच 20 अप्रैल को सभी किसानों के समक्ष कर पंचनामा किया गया। जांच में सोसाइटी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू ने पीड़ति को तात्कालिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई एवं मानवता को शर्मसार करते हुए आज तक पीड़ति परिवार के प्रति अपनी गलती स्वीकार करते हुए संवेदना व्यक्त करना जरूरी नहीं समझा। किसानों ने शिकायत आवेदन में कहा है कि जांच पंचनामा के एक माह बाद भी सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लापरवाह प्रबंधक को पद से बर्खास्त करने की मांग करते हुए किसानों ने कहा कि शिकायत के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिनकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।



**स्कूल, आंगनबाड़ी, उपस्वास्थ्य केन्द्र की मांग**

ग्राम पंचायत गोबरा, भालूकोना सरपंच मतिबाई ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि शासकीय प्राथमिक शाला भवन अत्यंत जर्जर है। बच्चों का अध्यापन अन्य स्थान पर कर रहे हैं। इसी तरह आंगनबाड़ी क्रमांक-1 और 2 भी जर्जर हो चुकी है। यहां के बच्चों को शीतला मंदिर में पढ़ाया जा रहा है। गांव में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए उपस्वास्थ्य केन्द्र की आवश्यकता है। सरपंच ने प्राथमिक शाला भवन, आंगनबाड़ी भवन तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण की मांग कलेक्टर से की है।

## खबर संक्षेप

### माध्यमिक शालाओं में करवाई जा रही विशेष कोचिंग



**बस्तर।** राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी हेतु बस्तर ब्लॉक की सभी माध्यमिक शालाओं में कक्षा 8वीं के छात्रों की विशेष कोचिंग करवाई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक छात्र परीक्षा में भाग लेकर सफलता प्राप्त कर सकें। चोकर संकुल के अंतर्गत घाट कवाली में प्रशिक्षण के दौरान बच्चों में उत्साह का माहौल देखा गया। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिक्षकों द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन को गंभीरता से समझा। उक्त जानकारी सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि एनएमएस परीक्षा के माध्यम से मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसी उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर मानसिक योग्यता परीक्षण और शैक्षिक योग्यता परीक्षण की तैयारी कराई जा रही है।

### ढाबों और किराना दुकान का औचक निरीक्षण



**बीजापुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के किराना दुकान व ढाबे का औचक निरीक्षण किया गया। अभिहीत अधिकारी डीके देवांगन के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता द्वारा शहर के बबलू किराना एवं जनरल स्टोर तथा बिट्टू ढाबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बबलू किराना से सत्तू का नमूना लेकर जांच हेतु लिया गया। इसी तरह बिट्टू ढाबा के निरीक्षण के दौरान ढाबे के रसोई में अस्वच्छता और अव्यवस्था पाई गई। जिस पर ढाबा संचालक को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई और पाई गई कमियों का रिपोर्ट तैयार किया गया जिसके आधार पर ढाबा संचालक को नोटिस भेजा गया है। नोटिस का पालन नहीं किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह भैरमगढ़ में मेसर्स चंदन इन्टरप्राइजेस से फरसान आटा और बालूशाही का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था। साथ ही संबंधित के विरूद्ध मिथ्याछाप खाद्य सामाग्री विक्रय करने की कार्यवाही भी की गई थी। लिये गए नमूने का जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा 24 को

**बीजापुर।** लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से हर वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में स्थानीय स्वशासन की संवैधानिक शुरूआत का प्रतीक है। जब वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोसन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिला। कलेक्टर संबित मिश्रा ने 24 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायत में पंचायती राज दिवस के अवसर पर निम्न गतिविधियों का आयोजन किये जाने निर्देश दिए गए है। जिसके तहत 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा का आयोजन करना। ग्राम के समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना। ग्राम के वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित करना है।

# मां हिंगलाजिन मातागुड़ी का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत लगभग 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित मां हिंगलाजिन माता गुड़ी का लोकार्पण विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला।

विधायक के ग्राम पहुंचते ही ग्रामीणों, माताओं-बहनों एवं युवाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं एवं जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण हो उठा। ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय अभिनंदन करते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों



के लिए आभार जताया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मां हिंगलाजिन माता की यह पावन भूमि आस्था, संस्कृति और परंपरा की पहचान है। इस गुड़ी के निर्माण से श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी तथा हमारी धार्मिक विरासत को नई मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ धार्मिक स्थलों का संरक्षण और संवर्धन भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी विश्वास के बल पर वे लगातार गांव-गांव पहुंचकर विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। बस्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में सड़क, भवन, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि बस्तर की संस्कृति, परंपरा और देवी-देवताओं की आस्था को सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए ऐसे निर्माण कार्य अत्यंत आवश्यक हैं। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांवों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और जनता को हर क्षेत्र में लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, ग्राम प्रमुख, पुजारीगण, वरिष्ठ नागरिक, युवा साथी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह का समापन मां हिंगलाजिन माता के जयकारों एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ हुआ।

# हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कलेक्टर संबित मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी योजनाओं का जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके।

- बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर और नियद-नेल्लानार 2.0 से बीजापुर में विकास को मिलेगी गति



साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी संचालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। विकास योजनाओं पर विशेष फोकस- बैठक में विशेष रूप से 'बस्तर मुन्ने (अग्रणी बस्तर), नियद-नेल्लानार 2.0, सुशासन तिहार जैसी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी गांवों में विकास कार्यों को तेजी दी जाए और मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जाए।

### जमीनी स्तर पर प्रभाव दिखाने पर जोर

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव गांवों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे। इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड विजिट सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समग्र विकास की दिशा में प्रयास- नक्सलमुक्त बीजापुर में अब विकास को नई दिशा देने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारकर जिले के प्रत्येक नागरिक को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### बीजापुर के सभी गांवों का तेजी से होगा विकास

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर संभाग को नक्सल मुक्त होने के बाद विकास कार्यों में तेजी लाने दो महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन होने जा रहा है जिसमें बस्तर मुन्ने जिसका गोंडी में शाब्दिक अर्थ है अग्रणी बस्तर और दूसरा योजना नियद नेल्लानार 2.0 इस अभियान का मूल उद्देश्य एनसीएईआर सर्वे में नियद नेल्लानार अंतर्गत 31 जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पाए गए परिवारों को शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है। बस्तर मुन्ने अभियान के तहत सभी गांवों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीणो के मांग पर प्राथमिकता के साथ मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली पानी सड़क अस्पताल मोबाइल टावर जैसे प्रमुख 8-10 अधोसंरचना को पहले प्राथमिकता दी जाएगी जिसको ग्राम सभा के माध्यम से यह तय किया जाएगा कि गांव के विकास के लिए पहले तीन महत्वपूर्ण कार्यों के लिए प्रस्ताव पारित होगा जिसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण भी किया जाएगा।

# बिना किसी बाहरी मदद के एकलव्य विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

## 4 छात्रों ने उत्तीर्ण की आईआईटी जेईई मेन्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सुकमा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जहां विद्यालय के चार मेधावी छात्रों दिव्यांश भंडारी, हरीश कुमार, लक्ष्मण बारसे और रामलाल कवासी ने प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई मेन्स 2026 परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि छात्रों ने किसी भी प्रकार की बाहरी कोचिंग का सहारा नहीं लिया, बल्कि अपनी इस कामयाबी का श्रेय पूरी तरह से विद्यालय के शिक्षकों के समर्पण और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है।



### असाधारण प्रदर्शन के पीछे विद्यालय के प्राचार्य

राजीव कुमार का कुशल नेतृत्व और विद्यालय स्तर पर प्रदान की गई विशेष शैक्षणिक सहायता प्रमुख रही है। शिक्षकों ने न केवल कक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स की उच्च-स्तरीय तैयारी सुनिश्चित की, बल्कि आवेदन प्रक्रिया से लेकर परीक्षा केंद्र तक छात्रों का हर कदम पर साथ निभाया। प्राचार्य ने विश्वास जताया है कि उचित मार्गदर्शन मिलने पर आदिवासी अंचल के बच्चे देश की किसी भी बड़ी तकनीकी परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं।

विद्यालय प्रशासन अब अपनी जिम्मेदारी को आगे बढ़ाते हुए इन सफल छात्रों को आईआई/एनआईटी में प्रवेश के लिए आवश्यक काउंसलिंग प्रक्रिया में भी पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है। यह उपलब्धि न केवल इन चार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है, बल्कि सुकमा जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा बन गई है। विद्यालय के इस प्रयास ने साबित कर दिया है कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी विश्व-स्तरीय शिक्षा और मार्गदर्शन के माध्यम से सफलता के नए आयाम गढ़े जा सकते हैं।

# मंशा साफ है तो अड़ंगा क्यों लगा रही है कांग्रेसः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



जनगणना-परिसीमन की शर्त हटाकर महिला आरक्षण तुरंत लागू करने के लिए संविधान संशोधन बिल लाई थी। कांग्रेस समेत विपक्ष के असहयोग से दो तिहाई बहुमत न मिलने के कारण बिल गिर गया। सीट 850 की बात अलग नहीं है परिसीमन 2026 में होना ही है, जो 2001 में अटल सरकार ने तय किया था ताकि जनसंख्या नियंत्रण करने वाले राज्यों को दंड न मिले। उक्त बातें जिला भाजपा प्रवक्ता रमेश यादव ने कही।

भाजपा जिला प्रवक्ता रमेश यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कवासी द्वारा महिला आरक्षण को लेकर भाजपा पर लगाए गए आरोप तथ्यहीन और भ्रामक हैं। जनता को सच्चाई जानना जरूरी है। कांग्रेस ने 20 सितंबर 2023 को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के पक्ष में वोट दिया, ये सच है। विवाद वोट पर नहीं, 'लागू कब होगा' इस पर है। मोदी सरकार जनगणना-परिसीमन की शर्त हटाकर महिला आरक्षण तुरंत लागू करने के लिए संविधान संशोधन बिल लाई थी। कांग्रेस समेत विपक्ष के असहयोग से दो-तिहाई बहुमत न मिलने के कारण बिल गिर गया। यादव ने कहा कि जनगणना अभी शुरू ही हुई है, पूरी होने में 2027 तक लगेगा। 2024 के लोकसभा चुनाव 2011 के आंकड़ों पर ही हुए थे। संविधान कहता है कि परिसीमन पिछली प्रकाशित जनगणना पर होगा। 2026 में जो परिसीमन होगा वो 2011 पर ही होगा, क्योंकि 2021 की जनगणना के आंकड़े सरकार के पास हैं ही नहीं। ये नियम बीजेपी ने नहीं बनाया, संविधान में पहले से है।

### संशोधन जरूरी था

अनुच्छेद 81, 82 के तहत बिना परिसीमन के सीट रिजर्व नहीं हो सकती। संशोधन जरूरी था, जिसे विपक्ष ने गिरा दिया। पंचायत में आरक्षण 1993 में कांग्रेस सरकार की देन है, भाजपा इसका श्रेय नहीं लेती। लेकिन लोकसभा में महिला आरक्षण का बिल 2010 में यूपीए ने राज्यसभा से पास कराकर 4 साल लोकसभा में दबाए रखा। मोदी सरकार ने 2023 में दोनों सदनों से पास करा दिया। 2010 का बिल लोकसभा में किसने रोका और 16 अप्रैल को तुरंत आरक्षण लागू करने का बिल किसने गिराया, मंशा साफ है तो अड़ंगा कौन लगा रहा है, जनता देख रही है।

# भाजपा सरकार तत्काल प्रभाव से 33 प्रतिशत आरक्षण करे लागू : कवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कांग्रेस का मुख्य विरोध बिल को परिसीमन और जनगणना से जोड़ने को लेकर है, महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला पंचायत सदस्य व जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गीता कवासी ने कही।

महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गीता कवासी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 17 अप्रैल 2026 को विशेष सत्र लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन विधेयक लाया गया था, जिसमें 54 वोट से विधेयक गिरा। प्रधानमंत्री एवं डबल इंजन की सरकारें इसे नारी शक्ति का अपमान से जोड़कर इसे महिलाओं के बीच भ्रम फैला रहे हैं, जबकि पूर्व में ही महिला आरक्षण 33 प्रतिशत का बिल विधेयक लोकसभा में 20 सितम्बर 2023 को पास किया गया। जिसमें विपक्ष के तमाम कांग्रेस, सपा, तृणमुल कांग्रेस, डीएमके एवं अन्य दलों ने पूर्ण रूप से समर्थन कर नारी शक्ति का सम्मान किया गया। श्रीमती कवासी ने कहा उक्त बिल को आगामी लोकसभा आम चुनाव 2029 में लागू करना चाहिए। ना कि संविधान संशोधन 131वां देश का परिसीमन के बहाने बांटने का प्रयास करना चाहिए। केन्द्र सरकार वर्तमान में जातिगत जनगणना कर दलित, ओबीसी एवं आदिवासियों का आरक्षण को वास्तविक आरक्षण लाभ दिलाना चाहिए। भाजपा परिसीमन बिल के बहाने देश को सिर्फ जनसंख्या का केंद्र बिन्दु मानकर दक्षिण भारत को लोकसभा में कमजोर करना चाहती हैं। डबल इंजन की सरकार में मणिपुर, हाथरस, उन्नाव जैसी अनेक घटनाएँ है जिसमें भाजपा महिला मोर्चा शांत खामोश रही है मणिपुर में महिलाओं का निर्वस्त्र कर घुमाया गया। हाल ही में बीजापुर जिले में भैरमगढ़ में सामुहिक बलात्कार हो रहे हैं, इस पर महिला मोर्चा बीजेपी क्यू चूप है। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस मांग करती है कि भाजपा सरकार तत्काल प्रभाव से 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करें न कि परिसीमन का इंतजार। महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन करना पूरी तरह से निराधार है। कांग्रेस पार्टी कल भी आरक्षण के समर्थन में थी और आज भी है।

# ज्ञानोदय के शौर्य ने बढ़ाया बस्तर का मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ज्ञानोदय हाई स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए सत्र 2025-26 की कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है।

- सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम

इस शानदार उपलब्धि के साथ स्कूल ने पूरे बस्तर जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। कक्षा दसवीं के छात्र शौर्य पांडे 96.40 अंक अर्जित कर बस्तर में प्रथम स्थान पर रहे वही स्कूल के छात्र अस्मित गुप्ता ने 94.20 प्रतिशत अंक अर्जित किया है।

प्राचार्य सिस्टर ग्रेसी टीपी ने बताया कि स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने न केवल परीक्षा उत्तीर्ण की, बल्कि उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर अपने परिश्रम और लगन का परिचय दिया। यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रणाली और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, अनुशासन और प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान देकर उनके सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाती है।

# स्वास्थ्य जांच व पोषण जागरूकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

महिला बाल विकास विभाग बस्तर के रोतमा सेक्टर के अंतर्गत ग्राम भैंसगांव के गुड़ीपारा आंगनबाड़ी केंद्र में सेक्टर सुपरवाइजर बुदयारीन भारती के मार्गदर्शन में 8वें पोषण पखवाड़ा का व्यापक आयोजन किया गया।

यह राष्ट्रव्यापी अभियान मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है, जो स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार हेतु प्रतिबद्ध है।



आंगनबाड़ी केंद्र में डॉ. महेंद्र साहू द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा गर्भवती माताओं को खान-पान व पोषण को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुखदेई बघेल, मनकी भारती, रम्भावती कश्यप सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का उद्देश्य कुपोषण को खत्म करना, स्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देना और मातृ-शिशु पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता और पोषण शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संतुलित आहार और स्वच्छता अपनाने की सलाह दी गई। पोषण पखवाड़ा के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में पोषण व्यवहार परिवर्तन और कुपोषण उन्मूलन की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

# श्रमिक कार्ड बनाए जाने दिया प्रशिक्षण



**लोहंडीगुड़ा।** जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के कार्यालय के सभा कक्ष में श्रमेव जयते ऐप के माध्यम से श्रमिक कार्ड बनाए जाने के उद्देश्य से ग्राम रोजगार सहायकों, मेट एवं सचिवों को 22 अप्रैल को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर जिला बस्तर आकाश छिकारा की मंशा के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी पात्र श्रमिकों के शत-प्रतिशत श्रमिक कार्ड निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

# प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी लोकतंत्र की मर्यादा पर आघात : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग केवल व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं,

- राजनीतिक संवाद में गिरावट पर भाजपा का हमला, कांग्रेस पर हताशा में भाषा बिगाड़ने का आरोप



बल्कि देश के सर्वोच्च पद की गरिमा पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने कई अहम क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, विशेष रूप से कश्मीर में शांति और विकास का नया दौर शुरू हुआ है, वहीं आतंकवाद और नक्सलवाद पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है।

उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री के लिए कथित रूप से इस्तेमाल किए गए शब्दों की कड़ी निंदा करते हुए इसे राजनीतिक मर्यादा का खुला उल्लंघन बताया। देव ने कहा कि यह आलोचना नहीं, बल्कि कांग्रेस की हताशा और राजनीतिक दिवालियापन का प्रतीक है। जब कांग्रेस विकास, तथ्यों और जनहित के मुद्दों पर जवाब देने में असफल होती है, तब वह इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का सहारा लेती है, जो न तो स्वस्थ लोकतंत्र के अनुरूप है और न ही जिम्मेदार विपक्ष की पहचान।

देव ने आगे कहा कि इस तरह के बयान न केवल प्रधानमंत्री पद का अपमान हैं, बल्कि उन करोड़ों मतदाताओं के जनादेश का भी अनादर हैं,जिन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपना नेतृत्व चुना है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व,विशेषकर राहुल गांधी से अपील की कि वे राजनीतिक संवाद में मर्यादा बनाए रखें और देश की जनता से इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन भाषा की गरिमा और संवैधानिक पदों का सम्मान हर स्थिति में बनाए रखना आवश्यक है।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया

**बीजापुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वन मंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र द्वारा केंद्रीय विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, वन परिक्षेत्र अधिकारी दीक्षा बर्मन, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस वर्ष की थीम 'हमारी शक्ति-हमारा ग्रह' पर आधारित अभिभाषण दिया गया, जिसमें व्यक्तिगत और सामुदायिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों से पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। साथ ही वृक्षारोपण, आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई, टिकाऊ उत्पादों को अपनाने तथा ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कन्हारगांव से बड़े पर्दे तक तिरांजली का रहा संघर्ष

**भानुप्रतापपुर।** बस्तर अंचल के कन्हारगांव की रहने वाली तिरांजली गोस्वामी संघर्ष और मेहनत के दम पर अब छत्तीसगढ़ी सिनेमा में अपनी पहचान बना रही हैं। उनकी पहली फिल्म मोला लव होगी, जो जल्द रिलीज होगी। तिरांजली का बचपन भानुप्रतापपुर में बीता, जहां से उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 2025 में उन्होंने रायपुर जाकर अभिनय और डांस की ट्रेनिंग ली। इसके बाद वे 20 से अधिक म्यूजिक एल्बम में काम कर चुकी हैं और उनके कई गाने लोकप्रिय हुए हैं। मिस कांकेर 2023 रह चुकी तिरांजली की यह फिल्म उनके संघर्ष, आत्मविश्वास और समर्पण की प्रेरक कहानी है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए मिसाल बन रही है।

### संघर्ष और नेतृत्व से सशक्त हो रहीं ग्रामीण महिलाएँ

**कांकेर।** कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित हरित नारी कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा काबड़े और अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिलाओं ने सामूहिक प्रयासों से बड़ी मात्रा में इमली, महुआ और हर्रा-बहेरा का संग्रहण एवं प्रसंस्करण कर अपनी कार्यकुशलता सिद्ध की है। विशेष बात यह है कि मेडिसिनल प्लांट बोर्ड और 'बस्तर से बाजार तक' जैसी संस्थाओं के सहयोग से महिलाओं को न केवल तकनीकी मदद मिल रही है, बल्कि 'बाय-बैक गारंटी' के जरिए उनके उत्पादों को सुरक्षित बाजार भी मिल रहा है।

### 2026 का दूसरा नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**जगदलपुर ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर के अध्यक्ष गोंविद नारायण जांगड़े और व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप द्वारा बुधवार को जिला न्यायालय परिसर के मध्यस्थता कक्ष में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, पदाधिकारियों, अन्य अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित किया गया। वर्ष 2026 का द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई को आयोजित होगा, इस संबंध में चर्चा करते हुए समस्त न्यायालयों में लंबित आपराधिक, व्यवहार वाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, बीमा एवं धारा 138 निई एक्ट से संबंधित प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु प्रकरणों से संबंधित पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु प्री-सिटिंग किये जाने एवं नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को लोक अदालत की महत्ता बताते हुए उन्हें अपने प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया।

## निधन

### रूपजी ववड़े

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम चाहाचाड़ निवासी 57 वर्षीय रूपजी ववड़े का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से



अस्वस्थ चल रहे थे तथा उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से परिवार एवं क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे ग्राम पटेल जगदीश दुग्गा के डेढ़ साला थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चाहाचाड़ में किया किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# नरहरपुर में अनुयायियों ने किया सत्संग का आयोजन, शंका भी दूर की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

तहसील नरहरपुर में संत रामपाल महाराज के पावन सानिध्य में उनके अनुयायियों द्वारा एक भव्य सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रंथालय की व्यवस्था की गई थी, जहां श्रद्धालुओं की शंकाओं का समाधान शास्त्रों के आधार पर किया गया और साथ ही देहदान संकल्प अभियान के तहत 20 लोगों ने फॉर्म भरकर संकल्प लिया

सत्संग के दौरान संत रामपाल महाराज द्वारा दिए गए आध्यात्मिक ज्ञान में सृष्टि रचना, स्वर्ग-नर्क की वास्तविकता तथा विभिन्न देवी-देवताओं की शक्तियों का विस्तार से वर्णन किया गया। ब्रह्मा, विष्णु और महेश की उत्पत्ति के विषय में भी शास्त्रों से प्रमाणों सहित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गीता अध्याय 17 श्लोक 23 तथा अध्याय 15 श्लोक 16-17 के आधार पर शास्त्रानुसार साधना के महत्व को बताया गया। तीन पुरुषों के ज्ञान और उनके मंत्र जाप से साधक द्वारा ग्यारहवें एवं बारहवें द्वार को पार करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही रामचरितमानस से प्रमाणित द्वादश अक्षर मंत्रों का भी प्रमाण सहित वर्णन किया गया। संत गरीब दास महाराज द्वारा सभी लोकों के भ्रमण के पश्चात रचित अमरग्रंथ साहेब का भी उल्लेख किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हुआ। सत्संग के दौरान संत रामपाल महाराज द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक अभियानों की भी चर्चा की गई।

## 20 ने देहदान का संकल्प फार्म भरा



### ये रहे उपस्थित

जिला संयोजक माखन गजीर ने बताया की सदगुरुदेव रामपाल महाराज बताते हैं। अन्य जीवों का शरीर तो कोई ना कोई काम आता है पर मनुष्य का शरीर मरने के बाद कोई काम नहीं आता। इसलिए इस शरीर को जीते जी दान करने का संकल्प लेना चिकित्सा विज्ञान के लिए बहुत बड़ी अच्छी बात होती है। कार्यक्रम में अशोक दास, सुरेशदास, मन्ना दास, गजेंद्र दास, ओम दास, गणपत दास, डॉ दुष्यंत दास ने नरहरपुर नगर के सभी अधिकारी कर्मचारी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## नपं भानुप्रतापपुर के 15 वार्डों में 1 मई से होगा मकान सूचीकरण कार्य

# नगरीय और ग्रामीण चार्ज के प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को दिया जनगणना प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के नगरीय चार्ज के प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का जनगणना 2027 के तहत प्रशिक्षण संस्कार वैली स्कूल में प्रारंभ हो गया है।

कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुभाग जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्रामीण चार्ज के शेष आरक्षित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को भी तीसरे बैच में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। जनगणना 2027 के तहत नगर पंचायत के 15 वार्डों में मकान सूचीकरण कार्य के लिए कुल 18 प्रगणक एवं 3 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करते हुए एसडीएम गंगाधर वाहिले ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति एवं अनुशासन की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी एवं ईमानदारी से संपन्न करें। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की योजनाओं, संसाधनों के वितरण एवं विकास कार्यों की दिशा तय करते हैं, इसलिए आंकड़ों का सही, समयबद्ध एवं पारदर्शी संकलन अत्यंत आवश्यक है। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी सुरेंद्र उर्वशा ने बताया कि प्रशिक्षण में जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, वैज्ञानिक डेटा संग्रहण विधि, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा फील्ड में आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है, ताकि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित हो सके। मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने प्रतिभागियों को घर-घर सर्वेक्षण, सटीक जानकारी संकलन, मोबाइल ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से डेटा एंट्री तथा नागरिकों से प्रभावी संवाद स्थापित करने के व्यवहारिक पहलुओं की जानकारी दी और साथ ही स्व-गणना प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया गया, जिससे नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकें। प्रशिक्षकों निरंकार श्रीवास्तव एवं नुमेश सोनी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए जनगणना कार्य को ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ पूरा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश की नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनकी शुद्धता एवं विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक है। यह जनगणना विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि इसमें पहली बार डिजिटल माध्यमों से आंकड़ों का संग्रहण किया जाएगा, जिसकी मॉनिटरिंग सीएमएमएस पोर्टल के जरिए होगी। प्रगणक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से परिवारों से जानकारी एकत्रित करेंगे। इस अवसर पर एसडीएम गंगाधर वाहिले, चार्ज अधिकारी ग्रामीण सुरेंद्र उर्वशा, चार्ज अधिकारी नगरीय आईएल पटेल, मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर सिंह ठाकुर, निरंकार श्रीवास्तव, नुमेश सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे ।



### पहले चरण में मकानों का सूचीकरण

पहले चरण में 1 मई से 30 मई तक एचएलबी ऐप के माध्यम से मकान एवं भवनों का सूचीकरण किया जाएगा, जिसमें 34 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रगणक एवं सुपरवाइजर अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में जाकर कार्य प्रारंभ करेंगे।

# सरपंच पति पर पीड़िता ने ब्लैकमेल और दुष्कर्म का लगाया आरोप, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कर्ज लौटाने के नाम पर शुरू हुआ विवाद अब एक गंभीर आपराधिक मामले में बदल गया है। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में दर्ज हुए मामले में सरपंच पति एंव भाजपा किसान मोर्चा मंडल दुर्गूकोंदल के उपाध्यक्ष पर 49 वर्षीय विवाहित महिला ने दुष्कर्म, ब्लैकमेल और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है।



- कर्ज लौटाने के नाम पर शुरू हुआ विवाद का बदला स्वरूप

पीड़िता ने पुलिस को जो आवेदन दिया, उसके अनुसार पीड़िता ने लगभग दो वर्ष पहले उसकी पहचान कैलाश नेताम से हुई थी, जो वर्तमान में सरपंच पति और भाजपा किसान मोर्चा दुर्गूकोंदल मंडल के उपाध्यक्ष है। पीड़िता ने विश्वास के आधार पर दो किश्तों में करीब 1.50 लाख रुपये उधार दिए थे। शुरुआत में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन जब पीड़िता ने अपने पैसे वापस मांगे तो सरपंच पति का व्यवहार बदल गया। आरोप है कि पैसे लौटाने के बजाय उसने पीड़िता पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया और उसे ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता के अनुसार 19 मार्च को दोपहर करीब साढ़े 3 बजे आरोपी उसके घर पहुंचा।

उस समय महिला घर पर अकेली थी। आरोप है कि आरोपी उसे जबरदस्ती घर के पीछे ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने उसे धमकी दी कि अगर उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इस धमकी के कारण महिला लंबे समय तक चुप रही, लेकिन मानसिक दबाव बढ़ने पर उसने आखिरकार पुलिस की शरण में पहुँची।

**बैठक में नहीं सुलझा मामला :** मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब गांव में आयोजित एक बैठक के दौरान आरोपी ने कथित रूप से अपने कृत्य को स्वीकार करने जैसी बातें कहीं। पीड़िता का दावा है कि आरोपी ने बैठक में यह भी कहा कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस कथित बयान के बाद ग्रामीणों में भी आक्रोश बढ़ गया और मामला सार्वजनिक रूप से चर्चा में आ गया।

**मामला दर्ज, आरोपी की हो रही तलाश :** थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई है, जो आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चक्काजाम की चेतावनी के बाद हटाए गए एसडीएम

**कांकेर /पखांजूर।** परलकोट क्षेत्र में मकान तोड़े जाने का मामला अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति की ओर से चक्काजाम और बंद की चेतावनी के बाद प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए एसडीएम को तत्काल प्रभाव से मुख्यालय अटैच कर दिया है। उनकी जगह अब मनीष देव साहू को पखांजूर का नया एसडीएम बनाया गया है।

- परलकोट क्षेत्र में मकान तोड़े जाने का मामला, प्रशासन बैकफुट पर

दरअसल, ग्राम पंचायत पाड़ेंगा के आश्रित ग्राम पी.व्ही. 85 नयापारा में 17 अप्रैल 2026 को प्रशासन और पंचायत की संयुक्त कार्रवाई में छह बाढ़ प्रभावित परिवारों के मकानों को बुलडोजर से ढहा दिया गया था। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया।

समिति का आरोप है कि प्रभावित परिवार वर्ष 1994 से वहां निवास कर रहे थे और वे बाढ़ पीड़ित हैं। भीषण गर्मी में बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के मकान तोड़े जाने से लोग बेघर हो गए, जिसे समिति ने "अमानवीय और बर्बर" करार दिया है।

घटना के बाद न केवल परलकोट क्षेत्र, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के बंगाली समाज में नाराजगी देखी जा रही है।

**आंदोलन की चेतावनी से बढ़ा दबाव :** समिति ने प्रशासन को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए साफ चेतावनी दी थी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन उग्र होगा। इसी क्रम में 24 अप्रैल को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन, चक्काजाम और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखने का ऐलान किया गया था।

समिति अध्यक्ष मनोज मंडल और अन्य पदाधिकारियों ने कहा है कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**प्रशासन का त्वरित फैसला :** बढ़ते दबाव के बीच कलेक्टर ने देर रात एसडीएम को हटाने का आदेश जारी कर दिया। इसे प्रशासन की डैमेज कंट्रोल कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अब यह देखना होगा कि एसडीएम के हटने के बाद भी क्या आंदोलन टलेगा या समिति अपने घोषित कार्यक्रम के अनुसार सड़कों पर उतरेगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**दुर्गूकोंदल।** सरस्वती शिशु मंदिर दुर्गूकोंदल में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में हर्ष का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा अरुण में नब्या प्रथम, भव्य मानकर द्वितीय एवं पलक हुपेंडी तृतीय स्थान पर रहें। कक्षा उदय में लेखिका सोनवंशी प्रथम, लक्षित गंगासागर द्वितीय तथा जागेश्वरी उइके तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा प्रथम में नैतिक सलाम प्रथम, पुलकित ठाकुर द्वितीय, लेनिशा दुग्गे तृतीय रहे। कक्षा द्वितीय में रेणुका कोरेटी प्रथम, ओमान मरकाम द्वितीय तथा कृष कुमार ध्रुव तृतीय स्थान पर रहें। कक्षा तृतीय में प्रियांशी मानकर प्रथम, नियति गंगासागर द्वितीय और ओजस्वी टांडिया तृतीय रहीं। कक्षा चतुर्थ में सुशांत सोरी प्रथम, बीरबल साहू द्वितीय, आशीष कुमार तृतीय रहे। कक्षा षष्ठ में युक्ति दुग्गे प्रथम, ख्वाहिश कल्लो द्वितीय एवं शुभम लावत्रे तृतीय रहे। कक्षा सप्तम में वरुण नरेटी प्रथम, तुषार नेताम द्वितीय तथा घनश्याम मौहान तृतीय स्थान पर रहें। इस दौरान श्रीराम बघेल ने कहा कि यह विद्यालय कठिन परिस्थितियों में प्रारंभ हुआ था, लेकिन आज विशाल वटवृक्ष की तरह मजबूती से खड़ा है। यहां विद्यार्थी शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण कर माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कल्याण सिंह दुग्गा, श्यामलाल दुग्गा, विजय पटेल, सुकाल राम जुर्री एवं फूल सिंह मंडावी उपस्थित रहें।

# मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

थाना क्षेत्र के पूरियारा निवासी हरिचंद कुंजाम जो पिछले लगभग पांच वर्षों से मानसिक संतुलन खो चुके थे। अब सरोना पुलिस की पहल से स्वस्थ होकर सामान्य जीवन की ओर लौट आए हैं। लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे हरिचंद के परिवारजन उचित इलाज और मार्गदर्शन के अभाव में परेशान थे।

मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मलिक राम केवट ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने बिना विलंब किए हरिचंद कुंजाम को बिलासपुर स्थित सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस की इस मानवीय पहल से एक असहाय परिवार को नई उम्मीद मिली। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में लगातार 34 दिनों तक इलाज चलने के बाद हरिचंद की मानसिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। उचित दवाइयों और देखभाल के चलते वे पहले की तुलना में काफी स्वस्थ हो गए।



इलाज पूरा होने के बाद जब हरिचंद अपने घर लौटे, तो परिवार और गांव में खुशी का माहौल बन गया। वर्षों बाद उन्हें सामान्य स्थिति में देखकर परिजन भावुक हो उठे और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस संबंध में थाना प्रभारी मलिक राम केवट ने बताया कि क्षेत्र में ऐसे अन्य मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों की भी पहचान कर उनके परिवारों से संपर्क किया जाएगा। उन्हें भी बिलासपुर के मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराकर निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी मरीजों की पूरी देखभाल कर उन्हें स्वस्थ किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री स्वस्थ्य बस्तर अभियान के तहत घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य टीम

- कुष्ठ रोग, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों की कर रही स्क्रीनिंग

**पखांजूर।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कापसी आरएमए प्रीतिलता दास के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर लोगों की जांच कर रही है।

अभियान के तहत टीम द्वारा कुष्ठ रोग, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग की जा रही है, जिससे समय रहते मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके। इस कार्य में स्वास्थ्य कार्यकर्ता भागीरथ यादव, शिखा दास,मितानिन कार्यकर्ता अंजली मिस्त्री, आरती राय, अंजली जानी, सीमा नायक, चम्पा सरकार, अनीता पाल सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वहीं सुपरवाइजर नरेश पोटाई एवं ऑपरेटर सीबू मंडल भी अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। स्वास्थ्य टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर प्रत्येक घर तक पहुंच रही है और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ जरूरी जांच भी कर रही है। इस अभियान से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल रही है और स्वास्थ्य सेवाएं सीधे उनके द्वार तक पहुंच रही हैं। कापसी वार्ड नंबर 01 खासपारा निवासी सुकंठ राय ने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना को बहुत ही लाभदायक बताते हुए शासन प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## हजारों उपभोक्ता हो रहे परेशान, बढ़ रहा आक्रोश

# पखांजूर-परलकोट में गैस एजेंसियों पर मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

परलकोट क्षेत्र में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। गैस एजेंसियों की मनमानी और लापरवाही के चलते हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है, जिससे आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्र में संचालित तीन गैस एजेंसियों में से मां अमाबोदिनी गैस एजेंसी और कुशल गैस एजेंसी लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जबकि केवल विशंभर गैस एजेंसी ही संचालित हो रही है। बंद एजेंसियों से जुड़े करीब 6000 से अधिक उपभोक्ता गैस के लिए भटकने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने गैस के लिए ऑनलाइन भुगतान तक कर दिया है, लेकिन न तो समय पर सिलेंडर मिल रहा है और न ही एजेंसियों की ओर से कोई स्पष्ट सूचना दी जा रही है।



मजबूरी में लोगों को दूसरी एजेंसी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। क्षेत्र के कई हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि करीब एक वर्ष पूर्व कनेक्शन स्वीकृत होने के बावजूद अब तक न तो गैस सिलेंडर मिला है और न ही चूल्हा उपलब्ध कराया गया है। हितग्राहियों का आरोप है कि एजेंसियों द्वारा जानबूझकर सामग्री वितरण में लापरवाही की जा रही है, जिससे योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

### अधिकारी से शिकायत पर नहीं निकला हल

इस पूरे मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों एवं एचपी गैस से जुड़े अधिकारी मनोज मंडल को भी की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी बनी हुई है। केवल एक एजेंसी के संचालन में होने से वहां उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इससे समय पर गैस वितरण संभव नहीं हो पा रहा है और क्षेत्र में गैस की किल्लत गहराती जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने खाद्य निरीक्षक को बंद पड़ी एजेंसियों से संपर्क कर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411